"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि.से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 26] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 28 जून 2002—आषाढ़ 7, शक 1924

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 14 मई 2002

क्रमांक 886/490/2002/1/5.—निशक्तजन (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्णभागीदारी) अधिनियम, 1995 की धारा 13, उपधारा (1) में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य समन्वय समिति का गठन करता है, जिसमें निम्नानुसार सदस्य होंगे :—

1.	समाज कल्याण मंत्री	पदेन अध्यक्ष
2.	राज्य मंत्री, समाज कल्याण	पदेन उपाध्यक्ष
3.	माननीय विधायक श्रीमती प्रतिमा चन्द्राकर.	सदस्य
4.	माननीय विधायक श्रीमती फूलोदेवी नेताम.	सदस्य
5.	माननीय विधायक श्रीमती प्रतिभा शाह	सदस्य
6.	माननीय विधायक श्रीमती इनग्रिड मेकलाउड.	सदस्य

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव मे मुद्रित तथा प्रकाशित—2002.

राज्य शासन द्वारा नामांकित सदस्य

7. डा. राकेश कामरान, रायपुर शाखा नेशनल एसोसिएशन फार द ब्लाइंड ''प्रेरणा'' 2/301 बैरन बाजार, रायपुर. — सदस्य
8. श्री के. के. नायक, अध्यक्ष, आकांक्षा जलबिहार कालोनी, रायपुर. — सदस्य
9. श्री अब्दुल्ला युसुफ, अध्यक्ष, अभिलाषा बल्देवबाग, राजनांदगांव. — सदस्य

कृषि, उद्योग, व्यापार एवं शिक्षा के क्षेत्र से

10. श्री गुलाब वर्मा, ग्राम बोदेला, डोंगरगांव, राजनांदगांव. — सदस्य
11. श्री सुभाष जैन, डोंगरगांव, जिला, राजनांदगांव. — सदस्य
12. डा. रमेन्द्र मिश्रा, इतिहास विभाग, रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर. — सदस्य
13. सचिव/विशेष सचिव, समाज कल्याण — सदस्य सचिव.

निम्न विभागों के प्रमुख सचिव/सचिव सदस्य होंगे

14. शिक्षा विभाग
15. महिला एवं बाल विकास विभाग
16. वित्त विभाग
17. सामान्य प्रशासन विभाग
18. लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
19. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग
20. खनिज तथा उद्योग विभाग
21. राजस्व विभाग
22. आदिमजाति एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग
23. लोक निर्माण एवं पर्यावरण, नागरिक प्रशासन और विकास विभाग.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
इंदिरा मिश्र, प्रमुख सचिव.

रायपुर, दिनांक 1 जून 2002

क्रमांक 724/2002/1-8/स्था.—श्रीमती अमृता बेक, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त, वा. कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग को दिनांक 20-5-2002 से 1-6-2002 तक 13 दिन का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 2-6-2002 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश से लौटने पर श्रीमती बेक को पुनः अवर सचिव, वित्त, वा. कर, योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग में पदस्थ किया जाता है.

3. अवकाश अवधि में श्रीमती बेक को वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

4. प्रमाणित किया जाता है कि श्रीमती अमृता बेक यदि अवकाश पर नहीं जाती तो अपने पद पर कार्य करती रहती.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
चन्द्रहास बेहार, विशेष सचिव.

रायपुर, दिनांक 14 जून 2002

क्रमांक 1649/1322/साप्रवि/2002/1/2.—श्री सी. के. खेतान, प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या. को दिनांक 17-6-2002 से 22-6-2002 तक (6 दिन) तक का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है एवं दिनांक 15, 16 एवं 23, 24 जून 2002 तक शासकीय अवकाश जोड़ने की अनुमति दी जाती है.

2. श्री खेतान को अवकाश से लौटने पर प्रबंध संचालक, राज्य विपणन संघ के पद पर पुनः पदस्थ किया जाता है.

3. श्री खेतान को अवकाश काल में वेतन व भत्ते उसी प्रकार देय होंगे जो उन्हें अवकाश के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री खेतान अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्यरत रहते.

5. दिनांक 24-6-2002 से एक सप्ताह आई.आई.एम.ए. अहमदाबाद में आयोजित प्रशिक्षण में आगामी आदेश तक भाग न लें.

रायपुर, दिनांक 14 जून 2002

क्रमांक 1643/1044/साप्रवि/2002/1/2.—इस विभाग के आदेश क्रमांक 1471/1044/साप्रवि/2002/1/2, दिनांक 24-5-2002 द्वारा श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव, कलेक्टर, राजनांदगांव को दिनांक 27-5-2002 से 1-6-2002 (6 दिवस) तक का स्वीकृत किया गया अर्जित अवकाश एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. बाजपेयी, अवर सचिव.

रायपुर, दिनांक 22 मार्च 2002

क्रमांक 455/490/2002/1/5.—राज्य शासन एतद्द्वारा निःशक्त व्यक्तियों (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 की धारा 19 की उपधारा 2 में प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति का निम्नानुसार गठन करता है :—

1. सचिव, समाज कल्याण विभाग — पदेन अध्यक्ष
2. निम्नलिखित विभागों के सचिव (अपर/उप-सचिव स्तर के अधिकारी)
   1. लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग. — सदस्य
   2. वित्त विभाग — सदस्य
   3. पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग — सदस्य
   4. स्कूल शिक्षा विभाग — सदस्य
   5. नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग — सदस्य
   6. श्रम विभाग — सदस्य
   7. सामान्य प्रशासन विभाग — सदस्य
   8. पंचायत एवं समाज कल्याण संचालनालय के निःशक्त कल्याण से संबंधित उप संचालक. — सदस्य सचिव

3. गैर सरकारी संगठनों के पांच व्यक्ति :—
   1. श्रीमती पूर्णिमा पाठक, दृष्टि बाधित व्याख्याता, संस्कृत महाविद्यालय, रायपुर (महिला सदस्य तथा स्वयं भी दृष्टि बाधित है). — सदस्य
   2. श्री बी. आर. जैन, अध्यक्ष, लायन्स चेरिटेबिल सोसायटी, संवाद सुपेला भिलाई. — सदस्य
   3. श्रीमती रत्ना ओस्तवाल (मानसिक रूप से विकलांग क्षेत्र से) राजनांदगांव. — सदस्य
   4. श्री श्रीकान्त बर्मनकर, अस्थि बाधित संगठन के प्रतिनिधि. — सदस्य

शेष एक सदस्य का नामांकन बाद में किया जाएगा.

अधिनियम के प्रावधान के अनुरूप उक्त कार्यपालिका समिति अधिनियम के अधीन सौंपे गये कृत्यों का पालन करेगी. इसका अधिवेशन तीन माह में एक बार होगा. यह समिति उक्त अधिनियम के क्रियान्वयन की दिशा में ठोस प्रयास करेगी तथा राज्य समन्वय समिति को अपने सुझाव भी देगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
पी. सी. सूर्य, उप-सचिव.

रायपुर, दिनांक 18 अप्रैल 2002

क्रमांक 552/2002/1-8/स्था.—श्री आर. एम. वर्मा, अवर सचिव, छत्तीसगढ़ शासन को दिनांक 4-12-2000 से 12-1-2001. तक 40 दिन का लघुकृत अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 13 एवं 14 जनवरी 2001 के सार्वजनिक अवकाश को जोड़ने की अनुमति प्रदान की जाती है.

2. अवकाश अवधि में श्री वर्मा को वेतन एवं भत्ता उसी प्रकार देय होगा जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलता था.

3. प्रमाणित किया जाता है कि श्री वर्मा यदि अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
स्टीफन खलखो, उप-सचिव.

परिवहन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 17 जनवरी 2002

क्रमांक 67/परिवहन/2002.—राज्य शासन द्वारा राज्य परिवहन अपीलीय अधिकरण गठित किये जाने तथा विधि एवं विधायी विभाग के आदेश क्र. फ./3 (A)/4/2002/21-ब, दिनांक 8-1-2002 द्वारा श्री एन. एस. राजपूत, जिला एवं सत्र न्यायाधीश, बस्तर की सेवाएं परिवहन विभाग को सौंपने के फलस्वरूप श्री एन. एस. राजपूत, सदस्य, उच्च न्यायिक सेवा को राज्य परिवहन अपीलीय अधिकरण, छत्तीसगढ़ रायपुर का पीठासीन अधिकारी नियुक्त किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
ए. के. विजयवर्गीय, प्रमुख सचिव.

ऊर्जा विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 21 मई 2002

विषय :—छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत परामर्शदात्री परिषद् की नियमावली, 2002.

क्रमांक 2050/ऊ. वि./वि. क. अ./2002.—विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 की धारा 78 की उपधारा (2) के खंड (ख) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन निम्नलिखित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत परामर्शदात्री परिषद् नियमावली, 2002 बनाता है जो निम्नानुसार है :—

1. इस नियमावली को छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत परामर्शदात्री परिषद् नियमावली, 2002 कहा जायेगा.

2. इस नियमावली को जब तक प्रसंग में अन्यथा अपेक्षित न हो—

(एक) अधिनियम से आशय विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 से है.

(दो) नियुक्त सदस्य से आशय मण्डल के सदस्य को छोड़कर परिषद् के उस सदस्य से होगा जो कि इस अधिनियम की धारा 16 की उपधारा (2) के अंतर्गत नियुक्त किया गया हो.

(तीन) मण्डल से आशय इस अधिनियम की धारा पांच (5) के अंतर्गत गठित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल से है.

(चार) अध्यक्ष से आशय परिषद् के अध्यक्ष से है, और

(पांच) परिषद् से आशय इस अधिनियम की धारा 16 के अंतर्गत गठित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत परामर्शदात्री परिषद् से है.

3. (1) प्रत्येक नियुक्त सदस्य, अपनी नियुक्ति पश्चात् पद ग्रहण की तारीख से तीन वर्ष की अवधि के लिये अपने पद पर रहेगा.

(2) उप नियम (1) के अंतर्गत नियुक्त सदस्य को पदावधि के समाप्त हो जाने पर भी वह सदस्य तब तक अपने पद पर बना रहेगा जब तक कि उसकी पदावधि की समाप्ति के फलस्वरूप रिक्त हुये स्थान की पूर्ति यथोचित रूप से नहीं हो जाती.

4. राज्य शासन किसी भी समय किसी भी सदस्य को, उसकी पदावधि समाप्ति के पहले भी, निम्नलिखित कारणों से अलग कर सकता है :—

(एक) यदि मानसिक/शारीरिक अस्वस्थता के कारण कार्य में अक्षम हो.

या

(दो) यदि शासन की राय में वह अपने कर्त्तव्यों का निर्वाह न कर सकता हो या कर सकने योग्य न हो जिससे कि उसे अलग किया जाना आवश्यक हो गया हो.

या

(तीन) यदि वह नैतिक पतन के किसी अपराध में दोषी सिद्ध हुआ हो.

या

(चार) यदि वह परिषद् की तीन लगातार बैठकों में अनुपस्थित रहा हो.

5. मण्डल का सचिव परिषद् का पदेन सचिव होगा.

6. नवनिर्मित परिषद्, अपनी पहली बैठक में या स्थान रिक्त होने पर, किसी एक सदस्य को बहुमत के आधार पर "उपाध्यक्ष" चुनेगी.

7. उपाध्यक्ष किसी भी समय अध्यक्ष के नाम एक पत्र लिखकर, अनुमति पश्चात् पदत्याग कर सकेगा व पदत्याग करने की स्थिति में ऊपर क्रमांक 6 में बताये अनुसार नये उपाध्यक्ष का चुनाव कर लिया जायेगा.

8. परिषद् की बैठक बुलाने एवं संचालन की प्रक्रिया :—

(i) परिषद् की बैठक हेतु तिथि, स्थान व समय दर्शाते हुए लिखित सूचना सामान्यत: 7 दिन पूर्व व विशेष आपात स्थिति में अल्पावधि में अध्यक्ष या अध्यक्ष द्वारा अधिकृत करने पर उपाध्यक्ष के हस्ताक्षर से जारी की जा सकेगी.

(ii) परिषद् की बैठक के पूर्व नियत बैठक में चर्चा संबंधित कार्यसूची सचिव द्वारा प्रत्येक सदस्य को उपलब्ध करायी जायेगी.

(iii) अध्यक्ष की अनुमति से, कार्यसूची में लेख नहीं होते हुए भी किसी अतिमहत्वपूर्ण विषय पर, परिषद् चर्चा कर सकेगी.

(iv) अध्यक्ष की अनुपस्थिति में किसी बैठक का संचालन उपाध्यक्ष द्वारा किया जा सकेगा व उपाध्यक्ष के न होने की अवस्था में, उपस्थित सदस्य, अपने में से किसी एक को पीठासीन अधिकारी नियुक्त करते हुए उसे बैठक के संचालन हेतु नियुक्त कर सकेंगे. लेकिन पीठासीन अधिकारी की नियुक्ति केवल उक्त विशेष बैठक के लिये ही प्रभावशील होगी.

सारांश में किसी बैठक का संचालन अध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष या इन दोनों के न होने पर चयनित पीठासीन अधिकारी द्वारा किया जा सकेगा.

9. यदि अध्यक्ष का यह मत हो कि धारा 16 की उपधारा (5) के अंतर्गत परिषद् के कर्त्तव्यों के निर्वाह के प्रयोजनार्थ परिषद् की किसी बैठक में मण्डल के काम काज संबंधी किसी विशेष प्रश्न पर चर्चा करना या उसका उत्तर देना आवश्यक नहीं है एवं यदि ऐसे किसी प्रश्न पर चर्चा करना या उसका उत्तर देना लोकहित के प्रतिकूल हो तो, वह ऐसे किसी प्रश्न पर चर्चा नहीं होने देगा या उसका उत्तर नहीं देगा.

10. यदि अध्यक्ष वांछनीय या आवश्यक समझे तो वह मण्डल के किसी ऐसे अधिकारी को जो कि परिषद् का सदस्य न हो, परिषद् की किसी बैठक में आमंत्रित कर सकता है और ऐसे आमंत्रण पर ऐसा अधिकारी अध्यक्ष की अनुमति से चर्चा में भाग ले सकता है किन्तु उसे मत देने का अधिकार नहीं होगा.

11. (1) अध्यक्ष, ऐसे समय जब वह आवश्यक समझे या परिषद् के कुल सदस्यों में से कम से कम एक तिहाई सदस्यों के निवेदन पर, परिषद् की विशेष बैठक बुलायेगा.

(2) यदि सदस्यों को बैठकों के बीच बुलाया जाना इस अधिनियम की धारा 16 की उपधारा (4) के अंतर्गत अपेक्षित है एवं किसी विषय पर परामर्श करना अवश्यक है, तो अध्यक्ष उस दशा में कागज पत्रों को परिषद् के सदस्यों के बीच घुमाकर (सरकुलेट कर) उनकी राय सुनिश्चित कर लेगा. इस प्रकार प्राप्त बहुमत को परिषद् का निर्णय मान लिया जायेगा

12. परिषद् का कोई भी कार्य किसी भी बैठक में तब तक नहीं किया जायेगा जब तक कम से कम चार सदस्य उस बैठक में उपस्थित न हो.

13. (i) परिषद् की बैठक में सभी प्रश्न का निर्णय, उपस्थित और मत देने वाले सदस्यों के बहुमत से किया जायेगा.

(ii) अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या उसकी अनुपस्थिति में, बैठक का संचालन करने के लिये चुने गये पीठासीन व्यक्ति को मत देने का अधिकार होगा और बराबर-बराबर मत आने की स्थिति में वह निर्णायक या दूसरा मत दे सकेगा.

(iii) यदि मतदान की मांग की जाय तो बैठक का अध्यक्ष मत देने वाले सदस्यों के नाम और मतों का स्वरूप लेखबद्ध करेगा.

14. सचिव द्वारा प्रत्येक बैठक में उपस्थित सदस्यों के नाम उनके हस्ताक्षर एवं बैठक की कार्यवाही विवरण को एक कार्य-पुस्तिका में लेखबद्ध किया जायेगा. बैठक पुस्तिका में निर्णय आदि पर अध्यक्ष के हस्ताक्षर होंगे.

15. किसी बैठक की कार्य विवरण की पुष्टि परिषद् की अगली बैठक में सबसे पहले की जायेगी और उस पर यथास्थिति अध्यक्ष, उपाध्यक्ष या पीठासीन अधिकारी द्वारा और सचिव द्वारा हस्ताक्षर किये जावेंगे.

16. किसी नियुक्त सदस्य को उतना ही यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता मिलेगा जितना कि मण्डल के किसी अवैतनिक सदस्य को दिया जाता है. अध्यक्ष ऐसे सदस्यों के यात्रा भत्ता बिलों पर प्रतिहस्ताक्षर करने वाला नियंत्रक अधिकारी होगा.

17. परिषद् का कोई भी सदस्य, अध्यक्ष की लिखित पूर्वानुमति के बिना परिषद् के सदस्य को छोड़ किसी भी अन्य व्यक्ति को परिषद् के कार्यों की किसी प्रकार की जानकारी नहीं देगा. गोपनीयता भंग करने की अवस्था में ऐसे व्यक्ति को किसी भी पुस्तक दस्तावेज या परिषद् के कार्य से संबंधित किन्ही भी गोपनीय समझे जाने वाले अन्य कागज पत्रों को देखने नहीं दिया जायेगा व उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सकेगी.

रायपुर, दिनांक 21 मई 2002

क्रमांक 2052/ऊ.वि./2002.—विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 की धारा 16 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य शासन, एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत परामर्शदात्री परिषद् का गठन करता है, जिसमें निम्नलिखित सदस्य होंगे :—

क्रमांक (1)	संस्था (2)
1.	छत्तीसगढ़, राज्य विद्युत मण्डल का अध्यक्ष.
2.	महाप्रबंधक, भिलाई इस्पात संयंत्र अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि.
3.	संभागीय रेल प्रबंधक, बिलासपुर अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि.
4.	संचालक, नगर प्रशासन.
5.	महाप्रबंधक राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम, कोरबा/सीपत.
6.	छत्तीसगढ़ उद्योग महासंघ के अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि.
7.	छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज का अध्यक्ष अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि.
8.	श्रम आयुक्त, छत्तीसगढ़ शासन अथवा उनके प्रतिनिधि.

(1)	(2)
9.	महाप्रबंधक, भारतीय संचार निगम, रायपुर.
10.	मुख्य विद्युत निरीक्षक, छत्तीसगढ़ शासन.
11.	संचालक, कृषि.
12.	मुख्य कार्यकारी अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास एजेन्सी (क्रेडा) अथवा उनके द्वारा नामित प्रतिनिधि.
13.	उपभोक्ता संरक्षक मंच से जय प्रकाश मेमोरियल सेन्टर, किरनदुल, बस्तर संभाग, श्री एम. पी. पाण्डेय, सचिव.
14.	अध्यक्ष, छ. रा. विद्युत मण्डल द्वारा नामित छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल के श्रमिक संगठन के प्रतिनिधि.

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मण्डल के अध्यक्ष, राज्य विद्युत परामर्शदात्री परिषद् के पदेन अध्यक्ष होंगे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अजय सिंह, सचिव.

जल संसाधन विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

संकल्प

रायपुर, दिनांक 16 अप्रैल 2002

विषय :— छत्तीसगढ़ राज्य में "राज्य बाढ़ नियंत्रण मण्डल" का गठन.

क्रमांक 1863/349/डी-10/जसं./तशा.—(1) भारत सरकार की सलाह एवं योजना आयोग के मार्गदर्शन के अनुरूप छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बाढ़ समस्याओं के आंकलन, बाढ़ नियंत्रण हेतु नीति निर्धारण, बाढ़ राहत एवं बाढ़ नियंत्रण उपाय तथा सुरक्षा के कार्यों के शीघ्र निष्पादन हेतु "राज्य बाढ़ नियंत्रण मण्डल" का गठन करने का विनिश्चय किया गया है.

2. छत्तीसगढ़ राज्य बाढ़ नियंत्रण मण्डल का गठन निम्नानुसार रहेगा :—

1.	माननीय मुख्य मंत्री जी	अध्यक्ष
2.	माननीय मंत्री, जल संसाधन	सदस्य
3.	माननीय मंत्री, लोक निर्माण	सदस्य
4.	माननीय मंत्री, राजस्व	सदस्य
5.	माननीय मंत्री, कृषि	सदस्य
6.	माननीय मंत्री, वित्त	सदस्य
7.	माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी	सदस्य
8.	माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	सदस्य
9.	माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायत	सदस्य
10.	माननीय विधायक गण (शासन द्वारा नामांकित) तीन	सदस्य
11.	मुख्य सचिव	पदेन सदस्य
12.	कृषि उत्पादन आयुक्त	पदेन सदस्य
13.	विकास आयुक्त	पदेन सदस्य

14.	सचिव, वित्त विभाग	पदेन सदस्य
15.	सचिव, जल संसाधन	पदेन सदस्य
16.	प्रमुख वन संरक्षक	पदेन सदस्य
17.	प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग	पदेन सदस्य
18.	सचिव, छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल	पदेन सदस्य
19.	समस्त मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग	पदेन सदस्य
20.	मुख्य अभियंता मानिटरिंग, कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग	सदस्य सचिव.

3. मण्डल का मुख्यालय रायपुर होगा. मण्डल को अपनी बैठकों में ऐसे अधिकारियों को, जिन्हें वह आवश्यक समझे आमंत्रित करने की शक्ति प्राप्त होगी.

4. मण्डल की सहायता हेतु "तकनीकी सलाहकार समिति" रहेगी जिसका स्वरूप निम्नानुसार रहेगा :—

1.	प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग	अध्यक्ष
2.	सदस्य (आर. एन.) केन्द्रीय जल आयोग, आर. के. पुरम, नई दिल्ली	सदस्य
3.	मुख्य अभियंता, ब्रिज रिव्यु सेक्शन, द. पू. रेल्वे, 11 गार्डन रीच सड़क, कोलकाता	सदस्य
4.	प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग	सदस्य
5.	डिप्टी डायरेक्टर जनरल, क्षेत्रीय मौसम केन्द्र, एयरपोर्ट, नागपुर	सदस्य
6.	प्रमुख वन संरक्षक, वन विभाग	सदस्य
7.	संचालक, कृषि विभाग	सदस्य
8.	समस्त मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग	सदस्य
9.	मुख्य अभियंता (सिविल) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल	सदस्य
10.	अधीक्षण यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी मंडल, रायपुर	सदस्य
11.	अधीक्षण यंत्री मानिटरिंग, कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, रायपुर	सदस्य

5. छत्तीसगढ़ राज्य बाढ़ नियंत्रण मंडल एवं तकनीकी सलाहकार समिति के कार्य एवं अधिकार निम्नानुसार होंगे :—

(क) राज्य में बाढ़ समस्या का आंकलन, बाढ़ एवं बाढ़ राहत संबंधी नीति निर्धारण और बाढ़ नियंत्रण के उपाय एवं सुरक्षा.

(ख) एक निर्धारित/अनुमोदित कार्यक्रम के अनुसार आवश्यक आंकड़ों के संकलन की व्यवस्था.

(ग) राज्य में बाढ़ चेतावनी पद्धति विकसित करना एवं संचालित करना.

(घ) राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में प्राथमिकता निर्धारित करते हुए नयी बाढ़ नियंत्रण योजनाओं का निर्माण कर आवश्यक सार्थक बचाव की योजना तैयार करना.

(ङ) निम्नलिखित प्रक्रिया के अनुसार बाढ़ नियंत्रण, निकासी (ड्रेनेज), जल पूर्णता से बचाव (एन्टी वाटर लॉगिंग) तथा नदियों के कटाव से बचाव (एन्टी रिव्हर इरीजन) योजनाओं का अनुमोदन करना.

I. योजनायें जिनकी लागत रुपये 3.00 करोड़ से कम हो :—

(क) विभाग द्वारा प्रस्तावित योजनाओं की स्वीकृति राज्य शासन द्वारा तकनीकी सलाहकार समिति की अनुशंसा पर राज्य बाढ़ नियंत्रण मंडल के अनुमोदन पर दी जायेगी.

(ख) राज्य तकनीकी सलाहकार समिति के किसी भी सदस्य के अभिमत के अनुसार यदि कोई योजना अन्तर्राज्यीय है, तो केन्द्रीय जल आयोग के परीक्षण एवं स्वीकृति दिये जाने पर राज्य बाढ़ नियंत्रण मंडल के अनुमोदन पश्चात् राज्य शासन द्वारा स्वीकृति दी जायेगी.

(ग) राज्य बाढ़ नियंत्रण मंडल के अनुमोदन पर निम्नलिखित श्रेणी के योजनाओं की राज्य शासन द्वारा स्वीकृति हेतु राज्य तकनीकी सलाहकार समिति की अनुशंसा आवश्यक नहीं होगी :—

1. मौजूद बांधों की मजबूतीकरण एवं ऊंचाई बढ़ाना.
2. मौजूद बांधों की रिटायर्ड लाइन्स (Retired Lines for existing embankments)
3. बाढ़ नियंत्रण निकासी (ड्रेनेज) एन्टी वाटर लॉगिंग एवं एन्टी सी इरीजन योजनाओं की अनुसंधान करना.

4. गांवों की उंचाई बढ़ाना (Raising of villages)
   श्रेणी (2) के योजनाओं की स्वीकृति पश्चात् जानकारी भारत सरकार के रेल्वे मंत्रालय एवं भूतल परिवहन मंत्रालय को भेजी जायेगी.

(घ) बाढ़ सत्र के दौरान रुपये 25.00 लाख तक के लागत वाली संकटकालीन योजना में, यदि अन्तर्विभागीय/अन्तर्राज्यीय न हो तथा रेल्वे एवं हाईवे को प्रभावित नहीं करती हो, की मुख्य अभियंता के अनुशंसा पर राज्य शासन द्वारा स्वीकृति दी जायेगी. ऐसी योजनाओं की सूची एवं प्रपत्र-एक में जानकारी स्वीकृति पश्चात् केन्द्रीय जल आयोग को भेजी जायेगी.

II. योजनाएं जिनकी लागत रु. 3.00 करोड़ से रु. 7.50 करोड़ तक हो—

(क) ऐसी योजनायें जो अन्तर्राज्यीय न हो, को राज्य तकनीकी सलाहकार समिति एवं राज्य बाढ़ नियंत्रण मंडल के माध्यम से प्रपत्र-दो के साथ केन्द्रीय जल आयोग को भेजी जायेगी. केन्द्रीय जल आयोग द्वारा परीक्षण एवं अनुशंसा पर योजना आयोग द्वारा अनुमोदन पश्चात् प्लान में शामिल की जायेगी.

(ख) योजनाओं के अन्तर्राज्यीय होने पर II "क" के अनुसार कार्यवाही करने के पूर्व राज्य शासन द्वारा भारत सरकार, जल संसाधन मंत्रालय से क्लियरेंस प्राप्त की जायेगी.

III. योजनाएं जिनकी लागत रु. 7.50 करोड़ से अधिक हो :—

योजनाओं की लागत रुपये 7.50 करोड़ से अधिक होने पर विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार की जाकर II के अनुसार कार्यवाही की जायेगी. परियोजना प्रतिवेदन की विस्तृत परीक्षण हेतु राज्य शासन द्वारा केन्द्रीय जल आयोग को प्रतिवेदन भेजी जायेगी तथा परियोजना प्रतिवेदन की प्रतिलिपि योजना आयोग को भी भेजी जायेगी. केन्द्रीय जल आयोग द्वारा केन्द्रीय सलाहकार समिति के विचारार्थ कार्यवाही की जायेगी.

(च) बाढ़ नियंत्रण कार्यो/योजनाओं की रख-रखाव एवं अनुरक्षण की समुचित व्यवस्था करना.

(छ) संकटकालीन स्थिति पर नियंत्रण हेतु बचाव के समुचित योजना तैयार करना.

6. राज्य बाढ़ नियंत्रण मंडल की बैठक जब कभी भी आवश्यक हो, परन्तु वर्ष में कम से कम एक बार होगी.

7. जल संसाधन मंत्री, केन्द्रीय बाढ़ नियंत्रण मंडल में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे.

8. राज्य तकनीकी सलाहकार समिति निम्न कार्य करेगी :—

1. अनुमोदित कार्यक्रम के अनुसार बाढ़ के आवश्यक आंकड़े एकत्रित करने हेतु समुचित व्यवस्था करना.
2. राज्य में बाढ़ की चेतावनी की समुचित संगठनात्मक व्यवस्था करना.
3. बाढ़ से सुरक्षा के आवश्यक उपाय करना एवं प्राथमिकता निर्धारित करना.
4. स्वीकृत योजनाओं के निर्माण की प्राथमिकता के आधार पर क्रियान्वयन की व्यवस्था करना.
5. बाढ़ नियंत्रण कार्यो के रख-रखाव की समुचित व्यवस्था करना.
6. राज्य बाढ़ नियंत्रण मंडल को वांछित तकनीकी सहयोग करना.
7. तकनीकी सलाहकार समिति की प्रत्येक 6 माह में एक बैठक होगी. (अर्थात् एक बैठक वर्षा ऋतु के पहले एवं एक बैठक वर्षा ऋतु के बाद) समिति बैठक के कार्यवाही विवरण का पूर्ण लेखा जोखा संधारित करेगी एवं संचालन हेतु स्वयं नियम बना सकेगी.

आदेश

आदेश दिया जाता है यह संकल्प भारत शासन के जल संसाधन, रेल्वे मंत्रालय, परिवहन मंत्रालय, केन्द्रीय योजना आयोग, केन्द्रीय जल आयोग, वित्त मंत्रालय, महालेखाकार, छत्तीसगढ़ तथा छत्तीसगढ़ शासन के संबंधित मंत्रालय एवं विभाग को संसूचित किया जावे.

आदेश किया जाता है कि यह संकल्प आम सूचना के लिये "छत्तीसगढ़ राजपत्र" में प्रकाशित किया जावे तथा भारत शासन से इसे "भारत सरकार के गजट" में प्रकाशित करने के लिये निवेदन किया जावे.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुशील त्रिवेदी, सचिव.

प्रपत्र-1

STATEMENT "A"

PROFORMA IN WHICH INFORMATION IS REQUIRED TO BE FURNISHED BY THE STATE GOVERNMENT IN RESPECT OF FLOOD CONTROL, DRAINAGE, ANTI-WATER LOGGING AND ANTI-SEA EROSION SCHEMES COSTING LESS THAN RS. 3 CRORE EACH SANCTIONED BY THE STATES.

1. Name of the Scheme (attach Index map).
2. Name of the river, river basin and district in which the scheme is situated.
3. Name of scheme-whether new embankments, raising and strengthening of existing embankment, drainage, anti-erosion town protection etc.
4. Length of embankment or drainage channels.
5. Estimated cost.
6. Area benefited.
7. Date of sanction of the scheme.
8. Whether inter-state/international aspect of the scheme, if any has been examined by the State Technical Advisory Committee and, where necessary, clearance of the CWC/Ganga Flood Control Commission and the Ministry of water Resources has been obtained.
9. Status of requisite administrative/statutory clearance.

प्रपत्र-2

STATEMENT "B"

PROFORMA IN WHICH INFORMATION IS REQUIRED TO BE FURNISHED BY THE STATE GOVERNMENT IN RESPECT OF FLOOD CONTROL, DRAINAGE, ANTI-WATER LOGGING AND ANTI-SEA EROSION SCHEMES COSTING RS. 7.5 CRORE OR LESS BUT MORE THAN RS. 3 CRORE EACH.

1. Name of the Scheme (attach Index map)
2. Abstract of cost, including foreign exchange components, if any.
3. Skeleton reports.
4. Area and population which will get protected by the project.
5. (i) Betterment levy or flood cess, if any, proposed for the area to be protected from floods or water logging or sea erosion.
   (ii) Anticipated revenue therefrom.
6. (a) Benefit cost ratio.
   (b) Cost per ha. of area protected.
7. The extent to which people's participation is envisaged for the execution of the schemes and in what form.
8. Whether inter-State/international aspect of the scheme, if any, has been examined by the State Technical Advisory Committee and, where necessary, clearance of the CWC/Ganga Flood Commission and the Ministry of Water Resources has been obtained.
9. Status of requisite administrative/statutory clearance.

रायपुर, दिनांक 16 जून 2002

विषय :— राज्य बाढ़ नियंत्रण मंडल का गठन

क्रमांक 1864/349/डी-10/जसं/तशा.—इस विभाग के संकल्प क्रमांक 1863/349/डी-10/जसं/तशा रायपुर दिनांक 16-4-2002 के अनुसार "राज्य बाढ़ नियंत्रण मण्डल" का गठन निम्नानुसार किया जाता है.

1.	माननीय मुख्य मंत्री जी	अध्यक्ष
2.	माननीय मंत्री, जल संसाधन	सदस्य
3.	माननीय मंत्री, लोक निर्माण	सदस्य
4.	माननीय मंत्री, राजस्व	सदस्य
5.	माननीय मंत्री, कृषि	सदस्य
6.	माननीय मंत्री, वित्त	सदस्य
7.	माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी	सदस्य
8.	माननीय मंत्री, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण	सदस्य
9.	माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायत	सदस्य
10.	माननीय श्री मन्तू राम पवार, विधायक	सदस्य
11.	माननीय श्री चैनसिंह सामले, विधायक	सदस्य
12.	माननीय श्रीमति प्रतिमा चंद्राकर, विधायक	सदस्य
13.	मुख्य सचिव	पदेन सदस्य
14.	कृषि उत्पादन आयुक्त	पदेन सदस्य
15.	विकास आयुक्त	पदेन सदस्य
16.	सचिव, वित्त विभाग	पदेन सदस्य
17.	सचिव, जल संसाधन	पदेन सदस्य
18.	प्रमुख वन संरक्षक	पदेन सदस्य
19.	प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग	पदेन सदस्य
20.	सचिव, छत्तीसगढ़ सिंचाई परियोजना मंडल	पदेन सदस्य
21.	समस्त मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग	पदेन सदस्य
22.	मुख्य अभियंता मानिटरिंग, कार्यालय प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग	सदस्य सचिव.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एम. व्ही. सुब्बा रेड्डी, संयुक्त सचिव.

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 30 अप्रैल 2002

क्रमांक एफ 516/खा/2002.—उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 1986 (1986 का सं. 68) की धारा 10 की उपधारा (1-क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य शासन एतद्द्वारा चयन समिति की अनुशंसा पर निम्नांकित व्यक्तियों को उनके सम्मुख उल्लेखित जिला उपभोक्ता फोरम में उनके पदभार ग्रहण करने की तिथि से सदस्य के रूप में नियुक्त करता है :—

क्रमांक (1)	नाम (2)	जिला (3)
1.	श्रीमती सुरिन्दरजीत कथूर पत्नि-श्री कुलदीप सिंह कथूर बनारस रोड, अंबिकापुर, जिला सरगुजा.	जिला सरगुजा
2.	श्री अशफाक अली आ. श्री अब्बास अली, नवागढ़, अंबिकापुर, जिला सरगुजा.	जिला सरगुजा

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोहर पाण्डे, संयुक्त सचिव.

रायपुर, दिनांक 30 अप्रैल 2002

क्रमांक एफ-516/खा/2002.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खण्ड (3) के अनुसरण में इस विभाग की समसंख्यक अधिसूचना दिनांक 30-4-2002 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
मनोहर पाण्डे, संयुक्त सचिव.

Raipur, the 30th April 2002

No. F-516/F/2002.—In exercise of the powers conferred by Sub-section (1-A) of Section 10 of the Consumer Protection Act, 1986 (No. 68 of 1986) the State Government on the recommendation of the Selection Committee hereby appoint the following persons as the member in the district forums shown against their names with effect from the date, they take over the charge of their respective offices :—

S. No. (1)	Name and Address (2)	District (3)
1.	Shrimati Surinderjeet Kathur W/o. Shri Kuldeep Singh Kathur. Banaras Road, Ambikapur, District Sarguja.	Sarguja
2.	Shri Ashfaq Ali, S/o. Abbas Ali, Nawagarh, Ambikapur, District Sarguja.	Sarguja

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh.
MANOHAR PANDE. Joint Secretary.

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 15 फरवरी 2002

क्रमांक 671/1494/2001/चि. शि.—औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम, 1940 की धारा 33-एफ (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार, एतद्द्वारा डॉ. एस. आर. इंचुलकर, एम. डी. (आयुर्वेद) व्याख्याता, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, रायपुर को अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ औषधि परीक्षण प्रयोगशाला (भारतीय चिकित्सा पद्धति एवं होम्योपैथी) शासकीय आयुर्वेद फार्मेसी के लिये संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य हेतु, राज्य औषधि विश्लेषक आयुर्वेद के पद पर नियुक्त करती है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एन. आर. टोण्डर, अवर सचिव.

रायपुर, दिनांक 15 फरवरी 2002

क्रमांक 672/1494/2001/चि. शि.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 348 के खंड (3) के अनुसरण में, इस विभाग की अधिसूचना क्रमांक 671/1494/2001/चि.शि., दिनांक 15-2-2002 का अंग्रेजी अनुवाद राज्यपाल के प्राधिकार से एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एन. आर. टोण्डर, अवर सचिव.

Raipur, the 15th February 2002

No.671/1494/2001/ME.—In exercise of the powers conferred by Section 33-F (1) of the Drugs and Cosmetics Act-1940, State Government hereby appoints Dr. S. R. Inchulkar, M.D. (Ayurved) Lecturer Government Ayurvedic College, Raipur to the post of State Drug Analyst in Drug Testing Laboratory (Indian systems of Medicine & Homeopathy), Government Ayurved Pharmacy for the whole of State of Chhattisgarh along with his present duties.

By order and in the name of the Governor of Chhattisgarh.
N. R. TONDER, Under Secretary.

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 17 अप्रैल 2002

क्रमांक 1031/541/2002/11/वा.उ.—इंडियन बायलर्स एक्ट, 1923 की धारा 34 (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य शासन मे. प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमि., चापा के बायलर क्रमांक एम. पी./4461 को निम्नलिखित शर्तों पर उक्त अधिनियम की धारा-6 (सी) के उपबंधों के प्रवर्तन से दिनांक 21-3-2002 से दिनांक 20-7-2002 तक के लिए छूट देता है :—

(1) संदर्भाधीन बायलर को पहुंचने वाली किसी भी हानि की सूचना भारतीय बायलर अधिनियम, 1923 की धारा 18 (1) की अपेक्षानुसार तत्काल बायलर निरीक्षक/मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ को दी जावेगी एवं दुर्घटना होने के दिनांक से छूट की मान्यता समाप्त समझी जावेगी.

(2) उक्त अधिनियम की धारा 12 तथा 13 की अपेक्षानुसार मुख्य निरीक्षक वाष्पयंत्र, छत्तीसगढ़ के पूर्वानुमोदन के बिना संदर्भाधीन बायलर में किसी प्रकार का संरचनात्मक परिवर्तन अथवा नवीनीकरण नहीं किया जावेगा.

(3) संदर्भाधीन बायलर का सरसरी दृष्टि से निरीक्षण किये जाने पर यदि वह खतरनाक स्थिति में पाया गया तो यह छूट समाप्त हो जावेगी.

